

नवभारत 03
इंदौर, बुधवार, 03 दिसम्बर, 2025

## एक नजर में

### काले प्र .वि .हिंदू महासंघ भारत की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** विश्वहिंदू महासंघ भारत (संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव महंत सुरेन्द्रनाथ अवधूत मां कालका पीठाधीश्वर कालकाजी मंदिर नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगी तेजपालसिह एवं श्रीमती मिथिलेश सिंह बघेल प्रदेश महामंत्री मातृशक्ति की अनुसंशा पर प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पराजसिंह बघेल ने सुश्री साधना काले को प्रदेश उपाध्यक्ष मातृशक्ति नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### वर्मा प्रदेश विश्वहिंदू महासंघ भारत के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** विश्वहिंदू महासंघ भारत (संयुक्त राष्ट्र संघ से मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय संगठन) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुदेव महंत सुरेन्द्रनाथ अवधूत, मां कालका पीठाधीश्वर कालकाजी मंदिर नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगी तेजपालसिह एवं श्रीमती मिथिलेश सिंह बघेल प्रदेश महामंत्री मातृशक्ति की अनुसंशा पर प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पराजसिंह बघेल ने ईश्वरचंद्र वर्मा सेवानिवृत्त केन्द्रीय शासकीय कर्मचारी को विश्वहिंदू महासंघ भारत का देवास जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने बधाई दी।

### 83 वर्षीय पं. मनमोहन जोशी का निधन



**देवास।** पं. मदनमोहन जोशी भौंरासा वाले सिविल लाईन देवास का 83 वर्ष की आयु में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे अपने पीछे अनुज राजेन्द्र जोशी, पुत्र राकेश जोशी, अतुल जोशी, जितेन्द्र जोशी, एवं मनीष जोशी, पौत्र शिवांश जोशी व हिमांशु जोशी सहित भरापूरा परिवार छोड गए है। मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में किशोर दुबे, कौशल जोशी, ओमप्रकाश चौधरी, कृष्णकांत दुबे एवं पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के मार्गदर्शक संस्थापक एम.एल.मालवीय देवड़ा, जिलाध्यक्ष देवीशंकर तिवारी, जिला सचिव अरविंद शर्मा, तहसील अध्यक्ष अनिल नागर ने श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा को मोक्ष प्रदान करने की प्रार्थना की।

### टोंक खुर्द मे डेढ़ माह से रिक्त पड़ा लेखापाल पद

**टोंक खुर्द।** जनपद पंचायत टोंक खुर्द मे विगत लगभग डेढ़ माह से लेखापाल का पद रिक्त पड़ा है। लेखापाल वीरेंद्र मालवीय सेवानिवृत हुए जब से अभी तक किसी को भी चार्ज नहीं दिया गया है। जनपद पंचायत के अंतर्गत 59 ग्राम पंचायतो के विकास कार्य ठप्प पड़ा है। जो पूर्व में विकास कार्य ग्राम पंचायतो में हुए हैं उनके बिल का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इससे ग्राम पंचायतो के सरपंचों एवं सचिवो परेशान हो चुके हैं एवं जनपद के चक्कर रोजाना काट रहे हैं। रिक्त पड़ा लेखापाल का पद पर पोस्टिंग की जाए या फिर लेखापाल का जनपद में अधीनस्थ किसी कर्मचारी को लेखापाल प्रभारी का चार्ज तत्काल ही दिया जाए जिससे विकास कार्य में कोई किसी प्रकार से बाधा उत्पन परेशानी की दिक्कत न हो। ग्राम पंचायतो के सरपंचो एवं सचिवों ने कलेक्टर महोदय से मांग की है कि अति शीघ्र ही लेखापाल पद का प्रभार दिया जाए। इससे सुचारू रूप से ग्राम पंचायतो मे विकास कार्य की राहत मिले।

### गरीब नवाज के 814 वें उर्स के मौके पर चादर पेश की



**भौरासा।** 22 वें उर्स के मौके पर चिश्तिया ग्रुप भौंरासा द्वारा देश में अमन चैन और भाई चारे का सौहार्द और उर्स की कामयाबी के लिए दुआओं के साथ अजमेर गरीब नवाज को पेश करने के लिए इरफान शेख यूनिक को 1 दिसम्बर 25 चादर दी गई। जिसे लेकर वे अजमेर पहुंचे और वहां पर 2 दिसम्बर को अजमेर दरगाह खादिम अबू तालिब चिश्ती द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के आस्ताने पर चादर पेश की गई। चिश्तिया ग्रुप के सदर रेहान मदनी बिट्टू, नायब सदर अकील बेलिम, आफताब आलम खान, सैय्यद साजिद अली, मो. खालिद कुरेशी दुर्ग, मो. अजहर चिश्ती पूर्व सदर, इसरार चिश्ती पूर्व सदर, शेख आदिल टेलर, इरफान शेख, सै. मजहर अली, समीर पठान, मो. सुबहान आष्टा, सोहेल पठान, मो. ताहिर मेव, जाकिर शेख मुहाई, सलमान बिहार, मो. सलमान चिश्ती, मो. वाजेद चिश्ती, मो. इसरार चिश्ती, मो. रिजवान चिश्ती, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. जलाल चिश्ती, मो. आजम चिश्ती, मो.कामील चिश्ती, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. जलाल चिश्ती, मो. कामील चिश्ती, मिर्जा असलम बैग, अकरम चिश्ती, गब्बर बेलिम, ईदु शाह, सोनू दाउद, मोहसीन खान, समीर शाह, बिलाल मंसूरी, सैयद तनवीर अली, समशेर मदनी, मुसाहिद खान, मो. साजिद चिश्ती ने दुआ की।

### नगर परिषद ने मुख्य मार्ग पर चालानी कार्रवाई की

**काँटाफोड़।** नगर के मुख्य मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बन जाती



हैं। और ट्रैफिक को सुचारु रूप से चालू करने में काफी समय लग जाता हैं। नर्मदा परिक्रमा का मार्ग भी नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरता है नर्मदा परिक्रमा वासियों के बड़े छोटे वाहन भी जाम फंस जाते हैं, और इंदौर बैतूल मुख्य हाईवे पर भी घाट पर जाम की स्थिति बनने के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव अत्यधिक बढ़ जाता है, जिसके कारण नगर परिषद अधिकारी मुकेश चौबे और उनकी पूरी टीम चेतन घावरी दीपक घावरी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा मुख्य मार्ग पर निकालकर सख़्ती के साथ चालानी कार्रवाई की। नगर परिषद अधिकारी ने बताया कि अब हर रोज इस तरह की कार्रवाई की जाएगी लोग अपना सामान दुकान से बाहर रोड पर रख देते हैं जिसके कारण मार्ग अविरुद्ध होता है और जाम की स्थिति बनती है।

### सेवानिवृत्त होने पर पटेल का किया अभिनंदन

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रवक्ता निलेश नागर ने बताया कि आर्मी से सेवानिवृत होने पर पुन: देवास लौटने पर बरखेड़ा निवासी अखिलेश पटेल द्वारा अपने जीवन के 19 वर्ष भारत की सीमाओं पर बांग्लादेश पाकिस्तान चीन हिमाचल प्रदेश राजस्थान गुजरात की बॉर्डर ऊपर संघर्ष कर दुश्मनों को खदेड़ने में अहम भूमिका निभाई और 19 वर्ष पूर्ण करने पर देवास पुणे लौटने पर भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष धनंजय गायकवाड के सानिध्य में मजदूर कार्यालय स्टेशन रोड पर बाबा महाकाल का अंगवस्त्र पहनाकर तिरंगा भेंट कर फटाखे फोड़ कर मिठाइयां बाटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ प्रदेश महामंत्री मध्य प्रदेश शासन में भवन का निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सदस्य लोकेश विजयवर्गीय, अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर देथलिया, हरिद्वार धर्मशाला के अध्यक्ष कैलाश पटेल, विक्रम पटेल, श्याम सिंह चौहान मिस्त्री, माखन सिंह धाकड़, निलेश नगर उपस्थित थे।

# देवास में विकसित होगा ईवी सेक्टर का नया ईकोसिस्टम





**फरवरी 2027 से शुरू होगा उत्पादन**
**रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे**

देवास। मध्य प्रदेश में औद्योगिक प्रगति नई ऊँचाई पर पहुँच रही है। देवास जिले के सिरसोदा गांव में एचईजी लिमिटेड की सहायक कंपनी टीएससी लिमिटेड 1850 करोड़ रुपये के निवेश से देश की पहली बड़ी ग्रेफाइट एनोड फैक्ट्री लगा रही है। यह वही मैटीरियल है, जो लिथियम-आयन बैटरियों का मुख्य हिस्सा होती है और ईवी से लेकर एनर्जी स्टोरेज सिस्टम तक इस्तेमाल होती है। मंगलवार को एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ ने निर्माणाधीन प्लांट का दौरा किया। इस दौरान कंपनी ने बताया कि फैक्ट्री फरवरी 2027 से उत्पादन शुरू करेगी। इसके जरिए नए रोजगार और सस्ते ईवी के साथ, मध्य प्रदेश देश के ईवी मार्केट का महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। यह केवल औद्योगिक प्रगति नहीं, बल्कि हरित ऊर्जा की नई शुरुआत है, जो हर घर तक पहुंचेगी। नई ईवी पॉलिसी-2024 और उद्योग एवं रोजगार वर्ष की छूटों के तहत फास्ट-ट्रैक मंजूरी, एसजीएसटी रिफंड, पूंजी अनुदान, स्टाम्प ड्यूटी में छूट और बिजली दरों में राहत जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। अगस्त 2023 में कंपनी को जमीन मिली और मार्च 2024 में सीएम डॉ. यादव ने इसका भूमिपूजन किया और मात्र दो साल में कंपनी प्रोडक्शन शुरू करने की स्टेज में आ गई है। इस यूनिट की सालाना क्षमता 30 हजार मीट्रिक टन बैटरी-ग्रेड ग्रेफाइट एनोड बनाने की होगी। मंगलवार को प्लांट के निरीक्षण के दौरान श्री राठौड़ ने फैक्ट्री बिल्डिंग, मशीन फाउंडेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क की प्रोग्रेस का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को तय समयसीमा व तकनीकी मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। श्री राठौड़ ने निर्माण कार्यों में सस्टेनिबिलिटी और पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही साइट पर मौजूद वर्कर्स से बातचीत कर इंडस्ट्री की स्थापना से उनके जीवन में आए बदलावों पर चर्चा की। विश्व प्रदूषण रोकथाम दिवस पर श्री राठौड़ और प्लांट के अधिकारियों ने परिसर में पौधारोपण भी किया, ताकि फैक्ट्री के साथ-साथ हरियाली भी बढ़े। एमपीआईडीसी उज्जैन के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौड़ का कहना है कि टीएससी लिमिटेड का यह निवेश मध्य प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रोजेक्ट न केवल प्रदेश को ईवी विनिर्माण का केंद्र बनाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अपार अवसर भी लाएगा। इससे उज्जैन-देवास क्षेत्र की औद्योगिक तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। मध्य प्रदेश का सिंगल-विंडो सिस्टम, सस्ती जमीन, इंदौर-देवास-उज्जैन कॉरिडोर की बेहतर कनेक्टिविटी और लोकलाइजेशन फोकस पड़ोसी राज्यों को पीछे छोड़ रहा है।

### हाईटेक जॉब के साथ उन्नति की नई बयार

देवास-उज्जैन औद्योगिक बेल्ट की इस फैक्ट्री से 1000 प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और 1500 से 2000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर खुलेंगे। ऑपरेटर, इंजीनियर, लैब तकनीशियन और तकनीकी स्टाफ को काम मिलेगा। स्थानीय आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में बैटरी टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक ड्राइव और सेल इंजीनियरिंग के कोर्स शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। युवा ईवी टेक्नोलॉजी सीखने को लालयित हैं। इसका मतलब है कि युवा हाई-टेक फैक्ट्री में अच्छे वेतन और स्किल्स के साथ घर के पास ही काम पा सकेंगे।

# विश्व एड्स दिवस पर नुक्कड़ नाटक एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन




**देवास।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में अमलतास विश्वविद्यालय एवं अस्पताल द्वारा 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज द्वितीय दिवस पर अमलतास परिसर में नुक्कड़ नाटक, जन-जागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। आयोजन में अमलतास विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग, आयुर्वेदिक, फार्मेसी, पैरा मेडिकल, होम्योपेथिक कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नुक्कड़ नाटक एवं रैली का मुख्य उद्देश्य एचआईवी / एड्स के संक्रमण, बचाव और जागरूकता संबंधी जानकारी को आमजन तक पहुँचाना रहा। जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे, जिनमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी संक्रमण की जानकारी, नारा लेखन प्रतियोगिता और एड्स जागरूकता दिवस पर व्याख्यान माला शामिल है। इन गतिविधियों का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, इसके लक्षणों, उपचार तथा रोकथाम के उपायों की जानकारी देना है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अमरिन शेख डीटीओ देवास एवं मोहन सिंधे थे साथ ही आयोजन में अमलतास विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शरदचन्द्र वानखेडे, कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पिठवा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महावीर खंडेलवाल, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत, एवं सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. संगीता तिवारी, डॉ.नीलम खान, डॉ. अनीता घोडके, डॉ. योगेन्द्र भदौरिया, डॉ. स्नेहा सहाय यूथम डॉ. अफजल पटेल मेडिकल ऑफिसर एआरटी सेंटर, मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी डॉ. रत्ना शर्मा, चिकित्सक, पीजी डॉक्टर्स, एवं अमलतास इंस्टिट्यूट के समस्त छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# पारस एवं चंद्रकेशर सिंचाई परियोजना से किसान परेशान

**जिलाधीश एवं जिला पंचायत सीईओ को बताई समस्या**

**देवास।** समाज प्रगति सहयोग संस्था से सुनील शर्मा के साथ 2 दिसम्बर को पारस सिंचाई परियोजना एवं चंद्रकेश्वर सिंचाई परियोजना के 30 महिला एवं पुरुष किसानों द्वारा जिला देवास जाकर जिला पंचायत सीईओ एवं जिला कलेक्टर ऑफिस देवास पहुंचकर नहर की मुख्य समस्याएं रखी गई। जिसमें में पारस सिंचाई परियोजना की मुख्य नहर बहुत क्षतिग्रस्त होने के कारण से किसानों के खेत में गलतान लगता है एवं दोनों सिंचाई परियोजना में नहर की अंतिम संरचना वाटर कोर्स जो की कच्ची होने के कारण ऊपर वाले किसान को ज्यादा पानी के कारण दिक्कत होती है एवं नीचे वाले किसान को समय से पानी नहीं मिल पाता है। यह समस्या महिला किसानों द्वारा जिला कलेक्टर एवं जिला पंचायत अधिकारी को रखी गई। साथ ही उक्त सिंचाई परियोजनाओं में पिछले 6 वर्षों से जल उपभोक्ता संस्था के चुनाव न होने से उन संस्थाओं के चुनाव करने के लिए आवेदन दिया।

# सुनियोजित विकास एवं सौंदर्यीकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : महापौर

**देवास।** शहर के सबसे व्यस्ततम महात्मा गांधी मार्ग को सुनियोजित विकास एवं सौंदर्यीकृत सुसज्जित करने की दिशा मे नगर पालिक निगम, देवास द्वारा निर्माण कार्य लगभग 10 दिवसों मे प्रारंभ किया जावेगा। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने इस संबंध मे विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए समग्र रूप से बताया कि मार्ग चौड़ीकरण मे बाधक निर्माणों को हटाने के पश्चात् मार्ग की कुल चौड़ाई 15 मीटर होकर सर्वप्रथम पानी निकासी हेतु नाली निर्माण कार्य किया जावेगा, जिसमे मार्ग के दोनो तरफ 2 बाय 2 चौडाई एवं गहराई की नालियां निर्मित्त की जावेगी। इसमे मार्ग के मान से आदर्श गहराई बढ़ती जावेगी, इसमे सर्विस ऐरिया (युटीलिटी डग) जिसमे बड़े पाईप लगेगें। केबलींग का एवं अन्य आवश्यक कार्य किये जावेगे। इस कार्य मे 3 फीट (6 बाय 6) एवं 2 फीट सर्विस ऐरिया कुल 5 फीट के क्षेत्रफल मे कार्य होगा। निर्मित की जाने वाली नाली पर आकर्षक पेवर्स ब्लाक्स लगाये जाऐगें। जिसमे कर्व-स्टोन लगेगे ताकि टू व्हीलरों फोर व्हीलरों के चढ़ने मे आसानी होगी। इसमे मार्ग के दोनो तरफ बीच-बीच मे सफाई व अन्य मरम्मत कार्य एवं पानी निकासी हेतु चेम्बरों का निर्माण किया जावेगा। महापौर ने आगे बताया कि आवागमन की सुलभ सुविधाओं हेतु मार्ग का चौड़ीकरण 12 मीटर (40 फीट) का मार्ग निर्माण होगा, जिसमे मार्ग को डामरीकृत किया जावेगा। इसके पूर्व मार्ग के मध्य सीवरेज लाईन डाली जावेगी, मार्ग पर आकर्षक विद्युत व्यवस्था के अंतर्गत दोनों तरफ स्ट्रीट लाईट होगी एवं विद्युत का पूर्ण कार्य अंडर ग्राउंड होगा। जिससे तारों के जंजाल से मुक्ति मिलेगी।

उक्त कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही वर्तमान विद्युत व्यवस्था के पोल्स हटाये जायेगें। मार्ग को सुंदर एवं आकर्षक बनाये जाने हेतु मार्ग पर बड़े गमलों को स्थापित करने के साथ ही बड़े पौधो को भी लगाया जावेगा। महापौर ने आगे बताया कि मार्ग के व्यवसायियों, दुकानदारों के व्यवसायों में किसी प्रकार बाधित न हो इस हेतु मार्ग का निर्माण जनता बैंक चौराहे से गांजा भांग चौराहे तक तथा गांजा भांग चौराहे से सुभाष चौक एवं सुभाष चौक से नावेल्टी चौराहे तथा नावेल्टी चौराहे से तहसील चौराहे तक एवं तहसील चौराहे से सयाजी द्वार तक निर्मित करेगें। मार्ग पर निर्माण कार्य लगभग 10 दिवसों मे प्रारंभ करेगें। महापौर ने कहा कि हमारा उद्देश्य मार्ग के चौड़ीकरण मे बाधित निर्माणों को हटाया जाकर निरंतर विस्तारित होते शहर के प्रमुख मार्ग को चहुमुंखी विकास की नवधारा से जोड़कर सौगात देना है।

# केवल इस जन्म का ही नहीं जन्म-जन्मांतर के जीवन का प्रबंधन ग्रन्थ है गीता

**भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहयोग करने वाले शिक्षक साथियों का किया सम्मान**



**देवास।** गायत्री शक्तिपीठ देवास पर गीता जयंती महोत्सव भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक पं. देवीशंकर तिवारी, गायत्री परिवार जिला समन्वयक हरिराम जिराती एवं वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रात: भगवान योगेश्वर श्रीकृष्णजी की पूजा अर्चना कर यज्ञ किया गया। रात्रि 7.30 बजे श्री वेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं माता भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म उपस्थिति में गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ परिजन सुरेश बाल पांडे ने अतिथियों का मंगल तिलक लगाकर स्वागत किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक पं. देवीशंकर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गीताजी केवल इस जन्म का ही नहीं जन्म-जन्मांतर के जीवन का प्रबंधन ग्रन्थ हैं। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन अरविन्द शर्मा ने कहा कि मनुष्य में अर्जुन जेसी सीखने और सब कुछ पाने की जिज्ञासा का होना अनिवार्य है। गायत्री परिवार जिला समन्वयक हरिराम जिराती ने परम पिता परमेश्वर भगवान योगेश्वर श्रीकृष्णजी द्वारा कहे गए अमर वचनों में से गीता के पन्द्रहवें अध्याय का वाचन कर उसका अर्थ समझाया गया। गीता जयंती के अवसर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षक शिक्षिका फूलसिंह नागर, कमलेश मेहता, भारत सिंह राजपूत, देवकरण राठौर, चित्रान्सी गज्जर, कुसुम मर्सकोले, मनीष व्यास, विनोद पांचाल आदि का सम्मान मोतियों की माला व दुपट्टा ओढ़ाकर एवं परम पूज्य गुरुदेव का साहित्य भेंट कर किया गया। साथ ही उपस्थित सभी परिजनों ने संकल्प दोहराया की प्रति वर्ष गायत्री शक्तिपीठ पर गीता जयंती महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठान की ओर से उपलब्ध 50 पुस्तकों का वितरण अरुण शैव्य ने उपस्थित सभी परिजनों में किया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ की देव कन्याओं ने संगीतमय प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए अन्त में शान्ति पाठ किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार के सदस्य केशव पटेल, सुरेन्द्र दुबे, लक्ष्ति दुबे सहित बाल संस्कार शाला के बच्चें उपस्थित थे। स्वागत भाषण भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला सचिव कांतिलाल पटेल ने दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ परिजन अरविन्द शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने माना।

# नवीन स्लाटर हाउस के निर्माण को लेकर निगम कमिश्नर से मिला प्रतिनिधि मंडल

**देवास।** 2 दिसम्बर को मांस विक्रेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने निगम कमिश्नर दलीपसिंह से मुलाकात कर चर्चा की। जिसमें प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि शहर में किसी भी स्थान पर स्लॉटर हाउस (मटन मार्केट) नहीं है। शहर में एक मात्र स्लाटर हाउस पठान कुआ पर स्थित है जो कि अब जर्जर, जीर्णशीर्ण स्थिति में है मांस विक्रेताओं की रोजी रोटी का एक मात्र साधन है। निगम की सख्ती के कारण आए दिन व्यवसाय बंद हो जाता है जिससे हमारे परिवार व जीवन यापन में कठिनाई आ रही हैं शहर के सभी मांस विक्रेताओं ने मांग की है कि नवीन स्लाटर हाउस का निर्माण किया जाए जिससे कि सभी मांस विक्रेता एक ही स्थान पर बैठकर कानून एवं नियमों के अनुसार वैधानिक रूप से अपना व्यवसाय कर सकें। जिससे कि शहर में अलग अलग जगहों पर अपना छोटा मोटा व्यवसाय चलाने वाले जो आए दिन निगम की सख्ती के कारण अपना व्यवसाय नहीं कर पाते है वे एक ही जगह पर बैठकर अपना व्यवसाय कर अपना परिवार का पालन कर सकते हैं। साथ ही मांस विक्रेताओं ने मांग की है कि शहर के पुराने लायसेंसधारियों का नियमानुसार नवीनीकरण किया जाए। प्रतिनिधि मंडल ने निगम आयुक्त को विश्वास दिलाया कि हम पूरी तरह से निगम का सहयोग करने के लिये तैयार है। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में सीरत कुरेशी, युनुस कुरेशी, शाहिद कुरेशी, हाफिज कुरेशी, शेरू कुरेशी, गबु कुरेशी, इस्माईल कुरेशी, शानू कुरेशी उपस्थित थे।

**एक नजर** — नक्षत्र गार्डन में राशि और नक्षत्र के हिसाब से लगे पौधे

# नक्षत्र वाटिका : धीरे-धीरे बढ़ रहे मिश्रित पौधों के साथ छायादार पौधे भी लगाए

**बागली।** बागली से 3 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में कैलाश नगर वन बीट अंतर्गत 40 हेक्टेयर भूमि पर विगत दिनों बारिश में वन पार्क बनाया गया इस वन पार्क में पांच हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण हटाना बड़ी चुनौती रहा लेकिन उचित दिशा में प्रयास होने से इसे अतिक्रमण मुक्त करवाया गया बागली विधायक मुरली भंवरा के प्रयासों से यहां पर नक्षत्र वाटिका हर्बल गार्डन ऑक्सीजन पार्क जैसे प्राकृतिक बगीचे तैयार किया जा रहे हैं। यहीं पर योगा हाल वाच टावर भी बने हैं।

नक्षत्र गार्डन में केंद्र बिंदु पर नीम पीपल बढ़ की त्रिवेणी लगाई गई प्रथम गोली में चार पौधे दूसरी गोलाइ में आठ पौधे लगाए गए यह 12 राशि के प्रतीक है। इस प्रकार तीसरी गोली में 12 पौधे और अंतिम गोलाई में 15 पौधे लगाए गए यह 27 नक्षत्र का प्रतीक है। इसी प्रकार ऑक्सीजन पार्क भी बनाया गया जिसमें 1100 पौधे बासं के लगाए गए जो ऑक्सीजन का संचार अधिक मात्रा में करते हैं। इसी वन ग्राम में आयुर्वेदिक पौधे का पार्क भी बनाया गया इसमें आयुर्वेद 60 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। आने वाले समय में यह सभी वृक्ष बन जाएंगे पूरे 40 हेक्टेयर जंगल में हरा भरा करने के लिए बड़ी मात्रा में मिश्रित प्रजाति के पौधे लगाए पथवे मार्ग पर दोनों और




बांस प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं। रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि इस बगीचे को हरा भरा रखने के लिए स्टाफ की ड्यूटी हमेशा यहां पर रहती है और पर्याप्त पानी की वजह से ड्रिप द्वारा पौधों को सिंचित किया जा रहा है। डिप्टी रेंजर एवं बीट गार्ड दिनेश बनेडिया ने बताया कि आने वाले समय में यह पौधे वृक्ष बन जाएंगे और बागली शहर के नजदीक सबसे अच्छा पर्यटन स्थल यह स्थान रहेगा हालांकि नर्मदा परियोजना के तहत कुप तालाब विस्तारीकरण में इस वाटिका का कोई नुकसान नहीं होगा और भी प्रकृति निखर जाएगी। पौध रक्षक के माध्यम से सभी पौधों की देखभाल की जाती है। किसी कारणवश कुछ पौधे सुख जाते हैं तो तत्काल इसकी भरपाई नए पौधे लगाकर की जाती है। बागली के नजदीक कक्ष क्रमांक 824 जिस पर अतिक्रमण कार्यों की गिद्ध निगाह बनी हुई थी और इस भूमि पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा था लेकिन वन विभाग की सक्रियता के चलते इस कक्ष को फिर से हरा भरा करने के प्रयास किए गए उक्त बातें डिप्टी रेंजर ने बताते हुए कहा कि सब की मेहनत का नतीजा आने वाले समय में दिखेगा पर्यावरण के हिसाब से यह स्थान अपने आप में अलग ही पहचान बनाएगा सुरक्षा श्रमिक पोप सिंह गोविंद एवं सुरेश ने बताया कि उनकी ड्यूटी पानी देने की है और पौधों की सुरक्षा करने की समय-समय पर निरीक्षण भी उच्च अधिकारियों द्वारा यहां पर किया जाता है। पौधों में पानी देते वक्त उनके मन में यहां संतोष रहता है कि आने वाले समय में जब यह पीढ़ी इस वाटिका को देखेगी तो उन्हें गर्व होगा और वह भी अपनी पीढ़ी को बता सकते हैं कि इसे तैयार करने में उनकी भी भूमिकारही। इस वाटिका में वॉच टावर भी बनाया गया है जिससे पूरे क्षेत्र में निगाह रखी जा सके वही 900 स्क्वायर फीट का योगा हाल भी बनाया गया है। भविष्य में यहां योग शिविर जैसे बड़े आयोजन भी संपन्न हो सकेंगे पूरी 40 हेक्टेयर भूमि पर 8000 से अधिक मिश्रित आजादी के पौधे लगे हैं।